समाचार

राष्ट्रीय वयोश्री योजना

निगम क्षेत्र में सियान सदन घंटाघर में 17 अगस्त को लगाया जाएगा शिविर

(आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने शिविर के आयोजन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश)

(बी.पी.एल. श्रेणी के वरिष्ठजनों को कृत्रिम दांत, पावर चश्में, ट्रॉयपॉड, व्हीलचेयर, वाकिंग स्टीक, आदि निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे)

कोरबा 12 अगस्त 2021 –राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र हेतु घंटाघर स्थित सियान सदन में शिविर का आयोजन 17 अगस्त को किया जाएगा, शिविर में बी.पी.एल.श्रेणी के वरिष्ठजनों को कृत्रिम दांत, पावर चश्में, ट्रॉयपॉड, व्हीलचेयर, वाकिंग स्टीक, आदि निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने तत्संबंध में शिविर के आयोजन एवं वहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए हैं।

भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की गई राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत बी.पी.एल.श्रेणी के वरिष्ठजनों को कृत्रिम दांत, पावर चश्में, ट्रॉयपॉड, व्हीलचेयर, वाकिंग स्टीक, आदि निःशुल्क प्रदान किए जाने का प्रावधान हैं। इस संबंध में शिविरों का आयोजन किया जाना हैं। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने जिले के सभी जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में क्रमशः क्षेत्रवार 10 अगस्त से 19 अगस्त तक शिविरों के आयोजन के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र हेतु 17 अगस्त को घंटाघर स्थित सियान सदन में उक्त शिविर का आयोजन किया जाएगा, आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने शिविर स्थान सियान सदन में पेयजल व्यवस्था, साफ–सफाई, बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इस शिविर में बी.पी.एल.श्रेणी के

वरिष्ठजनों का आवश्यक परीक्षण पश्चात उन्हें आवश्यकतानुसर कृत्रिम दांत, पावर चश्में, ट्रॉयपॉड, व्हीलचेयर, वाकिंग स्टीक, आदि निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे।

शिविर में लाने होंगे आवश्यक दस्तावेज– वरिष्ठजनों को शिविर में बी.पी.एल.कार्ड/सीनियर सिटीजन पेंशन कार्ड का प्रमाण पत्र जो जिला प्रशासन द्वारा जारी किया गया हो, दुर्बलता प्रमाण पत्र जो जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो, आवासीय प्रमाण पत्र हेतु आधार कार्ड, वोटर कार्ड, आईडी कार्ड, राशन कार्ड जिसमें सीनियर सिटीजन की जन्मतिथि का उल्लेख हों तथा एक पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ आदि दस्तावेज लाना आवश्यक होगा।